**26/07**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज करगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के वीर जवानों को नमन करते हुए कहा कि भारत रक्षा उत्पादन, रक्षा निर्यात तथा मित्र देशों के साथ राजनीतिक सहयोग सहित हर क्षेत्र में लगातार नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रहा है। आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि छब्बीस जुलाई ऐसी तिथि है जिसे याद रखने के लिए किसी कैलेंडर की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि आज पूरा देश करगिल विजय दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि यह दिन प्रत्येक भारतीय को गौरव की अनुभूति कराता है तथा देश के वीर सैनिकों के अद्वितीय साहस की याद दिलाता है। प्रधानमंत्री ने कारगिल युद्ध के शहीदों और सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने देशवासियों से शहीदों को श्रद्धांजलि देने तथा सुरक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस वर्ष विशेष 'शौर्य विजय यात्रा' का आयोजन किया गया है, जिसकी शुरुआत चौधह जुलाई को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय समर स्मारक से हुई। यह मोटरसाइकिल रैली द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक तक पहुँचेगी। जिसका संदेश है – "वन राइड, वन नेशन, वन सल्यूट।" उन्होंने कहा

कि यह यात्रा सभी को याद दिलाती है कि राष्ट्र के लिए दिया गया बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

0000000000000000000000000

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। उन्हें कल धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। श्री जोशी के पास उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का भी प्रभार बना रहेगा। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद उन्होंने शिक्षा मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं और प्रमुख पहलों के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए बैठक की। बैठक में शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी तथा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बाद में मीडिया से बातचीत में श्री जोशी ने यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंत्रालय के कार्यकलापों, नीतियों और चल रही पहलों की व्यापक समझ विकसित करने के लिए फिलहाल समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्रालय एक बड़ा और महत्वपूर्ण विभाग है तथा उनकी तत्काल प्राथमिकता मंत्रालय की कार्यप्रणाली को पूरी तरह समझना है, ताकि भविष्य में उसकी योजनाओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सके और नई पहलें लागू की जा सकें।

000000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाईक रिटायर्ड ने आज वेस्ट कामेंग ज़िले के रूपा में आयोजित करगिल विजय दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने फ़ाइफ़ माउंटेन डिवीजन के युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर करगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने करगिल युद्ध में भाग लेने वाले अधिकारियों और जूनियर कमीशंड अधिकारियों से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि करगिल केवल सैन्य विजय नहीं थी, बल्कि राष्ट्रीय एकता की भी जीत थी, जिसमें पूरे देश के नागरिक भारतीय सशस्त्र बलों के साथ मजबूती से खड़े रहे। उन्होंने युवाओं से करगिल के वीरों के साहस, ईमानदारी और निःस्वार्थ सेवा से प्रेरणा लेकर समर्पण, नवाचार और राष्ट्रभक्ति के माध्यम से विकसित भारत दो हज़ार सैतालीस के लक्ष्य में योगदान देने का आह्वान किया।

000000000000000000000000000

गृह राज्य मंत्री मामा नातुङ ने आज अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी केंतो जिनी तथा मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता के साथ ईटानगर स्थित आईजी पार्क से करगिल विजय दिवस रेन रन 2026 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

युवा कार्य विभाग द्‌वारा साइरन्स - फिटनेस फॉर ऑल तथा काबोस एडवेंचर के सहयोग से आयोजित इस दौड़ का उद्देश्य देश के वीर सैनिकों के साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करना था। इस दौड़ में बड़ी संख्या में विद्‌यार्थियों, युवाओं तथा विभिन्न आयु वर्ग के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

000000000000000000000000000

तवाङ के ग्यालवा साङ्याङ ग्यात्सो हाई एल्टीट्‌यूड स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज तैतीसवीं मेराग लामा लोद्रोए ग्यात्सो इंडिपेंडेंस कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की चौदह तथा महिला वर्ग की सात टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का आयोजन तवाङ जिला फुटबॉल संघ द्‌वारा तवाङ जिला खेल संघ के सहयोग से, जिला प्रशासन तथा भारतीय सेना की तवाङ ब्रिगेड के समर्थन से किया जा रहा है।

000000000000000000000000000

ग्लासगो में जारी राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के ऋषिकांत सिंह चानाम्बम ने आज पुरुषों के साठ किलोग्राम वैटलिफ़्टिंङ स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया। यह इस वर्ष के राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का दूसरा पदक तथा **एबल-बॉडीड** स्पर्धा में पहला पदक है।

इससे पहले पैरा पावरलिफ्टर झांडू कुमार ने पुरुष हैवीवेट स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत के पदक तालिका की शुरुवात की।

00000000000000000000000000